यह घटना केवल एक परिवार की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक गहरा प्रश्न भी खड़ा करती है क्या हम अपने आस-पास के लोगों की वास्तविक स्थिति को समझ पा रहे हैं? जैन समाज को सामान्यतः देश के सबसे समृद्ध और संगठित समाजों में गिना जाता है। भव्य धार्मिक आयोजन, विशाल चातुर्मास और सामाजिक कार्यक्रम इन सबके कारण यह समाज बाहरी दृष्टि से अत्यंत संपन्न और सशक्त दिखाई देता है। लेकिन हर समाज की तरह इस समाज के भीतर भी कुछ ऐसी सच्चाइयाँ छिपी हैं जो मंचों और आयोजनों की चमक में दिखाई नहीं देतीं। समाज के भीतर ही कई परिवार ऐसे हो सकते हैं जो आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं, कुछ लोग बीमारी, अकेलेपन और मानसिक तनाव से गुजर रहे होते हैं।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि ऐसे लोग अक्सर अपनी परेशानी खुलकर व्यक्त नहीं कर पाते। स्वाभिमान, संकोच और सामाजिक प्रतिष्ठा की भावना उन्हें अपनी पीड़ा छिपाने के लिए मजबूर कर देती है। बाहर से सब सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर एक व्यक्ति धीरे-धीरे टूटता चला जाता है और वह समाज तक नहीं पहुँच पाता, समाज को एक ऐसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए कि समाज उन तक पहुँच चुके।

समाज को यह प्रयास करना चाहिए कि वह ऐसे लोगों की पहचान करें, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जो बीमारी या अकेलेपन से जूझ रहे हैं, या जो मानसिक तनाव में जी रहे हैं यदि समय रहते उन्हें सहारा मिल जाए चाहे वह आर्थिक सहायता हो, भावनात्मक समर्थन हो या केवल आत्मीय संवाद तो कई जीवन बचाए जा सकते हैं।

यह भी एक विचारणीय विषय है कि जैन समाज धार्मिक कार्यों और आयोजनों में बड़ी मात्रा में धन खर्च करता है। चातुर्मास, धार्मिक आयोजन ये सब हमारी आस्था और परंपरा का हिस्सा हैं और उनका महत्व भी है। लेकिन यदि इन आयोजनों में थोड़ी सादगी अपनाकर कुछ संसाधनों को समाजोपयोगी प्रकल्पों में लगाया जाए जैसे अस्पताल, विद्यालय, सहायता कोष या सामूहिक आवास तो समाज के कई जरूरतमंद लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसके भव्य आयोजनों से नहीं, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि वह अपने कमजोर और संकटग्रस्त सदस्यों के साथ कितना संवेदनशील व्यवहार करता है। दुर्ग की यह दुःखद घटना हमें एक अवसर देती है रुककर सोचने का, आत्ममंथन करने का और यह समझने का कि समाज की समृद्धि का वास्तविक अर्थ क्या है।

यदि हम अपने आस-पास के लोगों के दर्द को पहचान सकें, समय रहते सहायता का हाथ बढ़ा सकें और अपने समाज को केवल संपन्न ही नहीं बल्कि संवेदनशील भी बना सकें तो शायद भविष्य में किसी परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। समाज तभी सचमुच मजबूत होता है जब उसके सबसे कमजोर सदस्य भी सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें अंततः किसी भी समाज की सच्ची पहचान उसके मंदिरों की ऊँचाई से नहीं, बल्कि उसके दिलों की गहराई से होती है।

दक्षिण भारत में धार्मिक संघर्ष : क्या यह जैन-हिन्दू संघर्ष था ?

- महावीर सांगलीकर

प्राचीन भारत में जैन, बौद्ध, वैदिक, शैव, वैष्णव और कई अन्य धर्म-संप्रदाय समय-समय पर एक-दूसरे के विरोध में खड़े हुए थे। इस विरोध के पीछे आपसी प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या व अपने मत का आग्रह आदि कई कारण थे। कई बार यह विरोध बड़े संघर्ष का रूप लेता था। जब हम इसकी टाईम लाइन देखते हैं, तो दिखाई देता है कि प्राचीन काल में यह संघर्ष वैदिक, जैन और बौद्धों में होता रहता था। उस समय इनके अलावा और भी कई छोटे-मोटे मत-सम्प्रदाय थे, जो इस संघर्ष में नष्ट हो गए। यह संघर्ष आगे भी चलता रहा।

दक्षिण भारत में धार्मिक संघर्ष : ईसा की 5वीं सदी के बाद शैव और वैष्णव इन दोनों सम्प्रदायों ने जोर पकड़ लिया। राजाश्रय होने के कारण यह दोनों सम्प्रदाय फलते-फूलते गए, लेकिन बाद में इन दोनों सम्प्रदायों पर कट्टरता इतनी हावी हो गयी कि यह एक-दूसरे के विरोध में खड़े हो गए। इसका भयानक रूप ज्यादातर दक्षिण भारत में दिखाई दिया। दंगे और सांप्रदायिक लड़ाइयाँ तक होने लगी। दक्षिण भारत में शैव और वैष्णवों में संघर्ष तो था ही, लेकिन साथ ही वैष्णवों का जैनियों और बौद्धों से, शैवों का जैनियों और बौद्धों से, जैनियों का शैवों, वैष्णवों और बौद्धों से और बौद्धों का शैवों, वैष्णवों और जैनियों से संघर्ष होता रहता था। इस संघर्ष में दक्षिण भारत से बौद्ध धर्म लगभग नष्ट हो गया। जैन धर्म को भी बड़ी हानि पहुँची, लेकिन यह धर्म अपने अस्तित्व को बनाये रखने में कामयाब रहा। इतना ही नहीं, संघर्ष के बावजूद भी कर्नाटक और दक्षिण महाराष्ट्र में जैन धर्म फलता-फूलता रहा।

क्या यह जैन-हिन्दू संघर्ष था? अब सवाल यह है कि क्या जैन-शैव या जैन-वैष्णव संघर्ष जैन और हिन्दुओं के बीच का संघर्ष था? अगर आप मानते हैं कि यह संघर्ष जैन और हिन्दुओं के बीच था, तो शैव-वैष्णव संघर्ष के बारे में आप क्या कहेंगे? वास्तविकता यह है कि उस समय हिंदू नाम का कोई धर्म नहीं था और हिंदू इस शब्द का प्रयोग किसी भी धर्म के लिए प्रचलित नहीं हुआ था। इसलिए जैन-शैव या जैन-वैष्णव संघर्ष को जैन और हिन्दुओं के बीच का संघर्ष कहना एक बड़ी गलती है। यह गलती कई जैन-अजैन विद्वान करते हैं। उधर बौद्ध विद्वानों ने भी शैव-बौद्ध और वैष्णव-बौद्ध संघर्ष को बौद्ध-हिन्दू संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया है।

हमें इस बात को भी ध्यान रखना चाहिए कि उस काल में किसी भी व्यक्ति का जैन से शैव या वैष्णव होना, शैव से जैन या वैष्णव होना, वैष्णव से शैव या जैन होना एक आम बात थी। एक ही घर में एक भाई शैव, एक भाई जैन, एक भाई वैष्णव होता था। पति शैव पत्नी जैन, या पति जैन पत्नी वैष्णव जैसी बातें भी आम होती थी। इसके कई उदाहरण तत्कालीन साहित्य और शिलालेखों में दिखाई देते है। इतिहास साक्षी है कि कई राजवंशों में शैव और जैन इन दोनों धर्मों का पालन किया जाता था। मतलब यह हो गया कि समाज के तौर पर जैन-शैव-वैष्णव एक ही थे।

जैन-हिन्दू संघर्ष : वास्तविकता पर ध्यान दें - आज की वास्तविकता भी यह है कि आज भी समाज के तौर पर जैन-वैष्णव-शैव एक ही है। मैं इसके कुछ बड़े उदाहरण देना चाहूँगा। गुजरात प्रदेश में जैन और वैष्णवों में विवाह होना एक आम बात है। अग्रवाल समाज यह उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध जाति है। इस समाज के कुछ परिवार वैष्णव होते है और कुछ जैन। इस समाज में भी जैन-वैष्णव विवाह एक आम बात है। पूरे भारत में, विशेषकर पश्चिम और दक्षिण भारत में कई ऐसी जातियाँ हैं जिनमें से ज्यादातर लोग शैव या वैष्णव होते हैं, लेकिन ऐसी जाति का एक छोटा समूह जैन धर्मावलम्बी होता है। दूसरी ओर कई ऐसी भी जातियाँ हैं, जिनमें ज्यादातर लोग जैन होते हैं और उस जाति का छोटा सा समूह वैष्णव या शैव होता है।

शैव-वैष्णव-जैन : एक बड़ा उदाहरण यह है कि आजकल जितने भी जैन मुनि और साध्वियाँ हैं, उनमें से कई जन्म परिवार से शैव या वैष्णव है, उसी प्रकार आजकल के शैव या वैष्णव साधुओं में कुछ साधू जन्म से जैन है। जैन साधुओं का शैव और वैष्णव तीर्थों पर जाना, प्रवास करना और शैव या वैष्णव साधुओं का जैन तीर्थों पर जाना एक आम बात है।

शैव-वैष्णव-जैन के समन्वय का एक बड़ा उदाहरण है कर्नाटक का प्रसिद्ध शैव तीर्थ क्षेत्र धर्मस्थल। यहाँ भगवान मंजुनाथ का मंदिर है। मंजुनाथ शिव का एक रूप है। शैव मंदिर होने के बावजूद वहाँ भगवान बाहुबली की प्रतिमा होना तथा इसके सर्वोच्च धर्माधिकारी परंपरा से हेग्गडे इस जैन घराने से होते हैं। इस समय के धर्माधिकारी पद्मभूषण राज्यसभा सदस्य डॉ. डी. वीरेंद्र हेग्गडे जी हैं। यह जैन धर्मावलम्बी है, इस मंदिर का व्यवस्थापन वैष्णव लोग करते है।

विशेष बात यह है कि वीरेंद्र हेग्गडे जी बंट समाज से है। बंट समाज कर्नाटक का एक प्रसिद्ध समाज है, जिसे शेट्टी नाम से भी जाना जाता है। बंट समाज में ज्यादातर लोग शैव है, कई लोग वैष्णव भी हैं और कुछ लोग जैन भी है।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस का साप्ताहिक मुखपत्र
जैन प्रकाश

गुरु भागमल जी म. का 54वाँ पुण्य स्मृति दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह श्रद्धा-भक्ति के साथ भव्य रूप से सम्पन्न

शास्त्री पार्क, दिल्ली : शास्त्री पार्क, दिल्ली स्थित जैन मुनि स्व. श्री भागमल जी महाराज सा. चैरिटेबल हॉस्पिटल में रविवार, 15 मार्च 2026 को परम श्रद्धेय स्वामी श्री भागमल जी महाराज सा. के 54वें पुण्य स्मृति दिवस एवं हॉस्पिटल के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विशेष रूप से नेपाल हिन्द गौरव, वाचनाचार्य श्रमण संघीय उपाध्याय प्रवर डॉ. श्री विशालमुनि जी म., संघ रत्न एवं संघ सेतु श्रमण संघीय उपाध्याय प्रवर श्री रवीन्द्रमुनि जी म. तथा राष्ट्रसंत, प्रज्ञा महर्षि पं. रत्न श्री उपेन्द्रमुनि जी म. 'शास्त्री' की पावन उपस्थिति एवं प्रेरक वाणी ने समारोह को आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया।

इस अवसर पर श्री ऑल इंडिया श्वेतम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अमितराय जी जैन, राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक श्री संजय जी जैन-पंजाबी बाग, श्री महेन्द्र जी बोकारिया जैन-राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री महावीर प्रसाद जी जैन रिंढ़ाना-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री नरेश आनन्द प्रकाश जी जैन-राष्ट्रीय अध्यक्ष, ज्ञान प्रकाश योजना, श्री राजीव जैन (सी.ए.)-प्रधान, ऋषभ विहार, श्री रजनीश जी जैन-राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष, श्री अशोक जी जैन खट्टे वाले-महामंत्री, ऋषभ विहार, श्रीमती संतोष जी जैन-राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा, श्री विपुल जी जैन-राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, श्री नरेश जी जैन 'रिंढ़ाना'-राष्ट्रीय मंत्री, श्री जितेन्द्र जी जैन-प्रान्तीय अध्यक्ष दिल्ली, श्री ललित जी ओसवाल जैन-प्रान्तीय महामंत्री दिल्ली, श्री विनीत जी जैन-प्रान्तीय युवा अध्यक्ष दिल्ली, श्री नरेन्द्र जी जैन-पश्चिम विहार, श्रीमती सीमा जी जैन-प्रान्तीय महिला अध्यक्षा दिल्ली, गुरुभक्त श्री अरुण आर. डी. जी जैन-विवेक विहार, श्री संजय जी जैन-बड़ौत, हाजी समीर मंसूरी-निगम पार्षद, शास्त्री पार्क तथा यमुनापार के अनेक श्रीसंघों के प्रधान महामंत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति ने समारोह को और अधिक प्रतिष्ठा प्रदान की।

– राजेश कुमार मिश्र

जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा द्वारा भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक कार्यक्रमों का प्रारंभ

उदयपुर (राजस्थान) : महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर महामंत्र जाप एवं महावीर पर भजन का आयोजन अग्रवाल हाऊस, नवरत्न काम्प्लेक्स में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ नवकार महामंत्र के जाप से हुआ। इसके पश्चात नवकार मंत्र की स्तुति एवं भगवान महावीर के भजन प्रस्तुत किए गए। जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान प्रांत महिला अध्यक्षा डॉ. पुष्पा जी खोखावत जैन ने सभी का शब्दाभिनंदन किया। प्रथम पुरस्कार पुष्पा जैन, द्वितीय मंजु बाबेल, तृतीय शीतल कोठारी, चतुर्थ पुष्पा खमेसरा, सांत्वना प्रेमलता डांगी, आशा मेहता, अरूणा पारीवाला को प्राप्त हुए। महावीर जन्म कल्याणक की खुशी मनाने में डॉ. पुष्पा जैन खोखावत, मीना इंद्रावत प्रेमलता डांगी, संगीता मेहता, सुमन नलवाया, पुष्पा खमेसरा, आशा मेहता, विद्या पोरवाल, लक्ष्मी धाकड़, आदि सदस्यायें उपस्थित थी।

संतो की नेत्र शल्य चिकित्सा सफल

दिल्ली : संघ सेतु उपाध्याय प्रवर पू. श्री रवीन्द्र मुनि जी म.सा. का जैन स्थानक (गुरु पुष्कर भवन) डेरावाल नगर में आगामी 22 मार्च रविवार तक प्रवास रहा, इस दौरान पू. श्री ऋषभमुनि जी म. का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन व पू. श्री अर्हममुनि जी म. का रेटिना का ऑपरेशन सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव जी जैन से कराया। ऑपरेशन पूर्ण सफल रहा है।

प्रेषक : रजनीश जैन 'राज'

भीलवाड़ा में श्री अम्बेश जैन चिकित्सालय में जारी है नि:शुल्क डायलिसिस

भीलवाड़ा (राजस्थान) : मेवाड़ संघ शिरोमणि पूज्य प्रवर्तक गुरु अम्बेश को समर्पित श्री अम्बेश जैन चिकित्सालय, भीलवाड़ा चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम बन चुका है। यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वधर्मी एवं जरूरतमंद मरीजों का नि:शुल्क डायलिसिस एवं अन्य चिकित्सा सेवा हो रही है। सहयोगी गुरुभक्तों को लाख-लाख धन्यवाद, आपके अमूल्य अवदान से मरीजों की नि:शुल्क चिकित्सा हो रही है। श्री अम्बेश जैन चिकित्सालय, भीलवाड़ा इसी तरह चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नित नये आदर्श आयाम स्थापित करें, यही मंगल मनीषा है।

प्रेषक : कंवरलाल सूर्या जैन

उपाध्याय पूज्य श्री रमेश मुनि जी महाराज का स्वास्थ्य सुधार की ओर...

श्रमण संघीय उपाध्याय पूज्य श्री रमेशमुनि जी म.सा. जो कि गत् माह (19 फरवरी 2026) को अस्वस्थ हो गए थे, उन्हें उपचार हेतु उदयपुर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। 26 दिवस अनुभवी चिकित्सकों की देख-रेख में रहने के पश्चात् अब स्वास्थ में सुधार होने के उपरांत 16 मार्च 2026 चिकित्सालय से छुट्टी मिल गई है। विशेषः पूज्य उपाध्याय श्री स्वास्थ्य लाभ हेतु "देवेन्द्र धाम" उदयपुर में विराजमान रहेंगे। यथा समय गुरुभक्त दर्शन का लाभ लें सकते हैं।

जीव दया का लघु कार्य भी अनंत पुण्य प्रदान करेगा

नई दिल्ली : भीषण गर्मी का मौसम प्रारंभ हो गया है और बिना पानी के मासूम पक्षियों का काल धर्म हो जाता है। अतः सभी से निवेदन है कि अपनी छत पर मासूम बेजुबान पक्षियों के लिए पानी अवश्य रखें। जैन धर्म का प्रमुख सिद्धांत अहिंसा जीव दया है। अपनी छतों पर बर्तन में पानी रखें, आप नियमित रूप से रखेंगे तो पक्षियों का भी आना प्रारंभ हो जाएगा। जीव दया के इस महान कार्य में जीवों की रक्षा कर अनंत पुण्य बंध करें।

निवेदक -
जीव दया योजना, जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली

अखिल भारतीय श्री जैन दिवाकर संगठन समिति युवा शाखा का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

उदयपुर (राजस्थान) : अखिल भारतीय श्री जैन दिवाकर संगठन समिति युवा शाखा का राष्ट्रीय अधिवेशन संतों के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। उपाध्याय पू. श्री गौतममुनि म.सा., प्रवर्तक पू. श्री विजयमुनि म.सा. सहित संतों ने समाज में एकता, समर्पण और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ताओं ने जैन दिवाकर पूज्य श्री चौथमल जी म.सा. के त्याग और आदर्शों को युवाओं तक पहुँचाने का आह्वान किया। विधायक श्री ताराचंद जी जैन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में "मैं जैन हूँ" का भाव होना चाहिए।

प्रज्ञा महर्षि पू. श्री उपेन्द्रमुनि जी म.सा. 'शास्त्री' का जैन भवन में प्रवास

नई दिल्ली : सोमवार दिनांक 16 मार्च 2026 को प्रज्ञा महर्षि पू. श्री उपेन्द्रमुनि जी म.सा. 'शास्त्री' आदि ठाणा 5 का पद जैन भवन, नई दिल्ली में पद विहार हुआ। इ अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अमितराय जी जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री जसवंत जी जैन, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री विपुल जी जैन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष सुरेश जी जैन आदि अनेकों पदाधिकारियों ले पूज्य संतवृंद का स्वागत एवं वंदन, नमन किया। इस त्रिदिवसीय प्रवास के दौरान दिल्ली और आस-पास के शहरों से श्रद्धालु श्रावक-श्राविकाओं का दर्शन, वंदन करने हेतु तांता लगा रहा। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में नवकार महामंत्र का उच्चारण भी किया गया।

देश में विराजित पूज्य संत-साध्वीजी म. के पावन चरणों में
कोटि-कोटि वंदन एवं श्रद्धापूर्ण नमन

समाजरत्न दानवीर भामाशाह
लाला आनन्द प्रकाश जी जैन
महिलारत्न
स्व. श्रीमती कमलेश आनन्द प्रकाश जी जैन

NAMO eWaste

Namo e waste Management Ltd.
E waste & lithium in battery recycling
EPR facility
8130393628 admin@namoewaste.com

Vardhman Recycling LLP
Old vehicles recycling with certificate of disposal
Plastic recycling EPR facility
8130393611 vardhmanautorecycling@gmail.com

नरेश आनन्दप्रकाश जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
ज्ञान प्रकाश योजना, जैन कॉन्फ्रेंस

रचना नरेश जैन
राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक
जैन कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रीय महिला शाखा

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस का साप्ताहिक मुखपत्र
जैन प्रकाश

स्थानकवासी परंपरा के प्रेरणादायक व्यक्तित्व श्री फतेहलाल जी मारू जैन-निम्बोहड़ा

जैन दिवाकर गुरुदेव चौथमल जी महाराज के सर्वप्रथम दर्शन निम्बाहेड़ा में करने वाले श्री फतेहलाल जी मारू जैन जिन्हें सभी "हाजी साब" के नाम से जानते है आज उनकी उम्र 98 वर्ष की है मगर आवाज आज भी बुलन्द है। मात्र 8 वर्ष की उम्र में गुरुदेव चौथमल जी म. निम्बाहेड़ा पधारे और भरी सभा मे गुरुदेव के समक्ष उन्होंने कविता पढ़ी तो गुरुदेव ने उनके सर पर हाथ रखा। तबसे उन्होंने सैकड़ो कविताएं और कव्वाली लिखी और गायन रूप में प्रस्तुत किया। सिर्फ दो वर्ष से शारीरिक स्वास्थ्य के कारण अपनी सेवाएं संघ समाज को नहीं दे पा रहे है। ऐसे व्यक्तिव के धनी गुरुदेव के भक्त का आशीर्वाद सदा संघ समाज को मिलता रहे। जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रव्यापी परिवार की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना।

रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका ईरान युद्ध से आपने क्या सीखा?

किसी व्यक्ति का एक वाजिब और समझदारी भरा उत्तरः "मेरी सैलरी, मेरा घर, मेरी कार, मेरा व्यवसाय, मेरा बाग, मेरे रिश्ते, मेरा पशुधन - ये सब मेरे हैं केवल तब तक, जब तक मेरा देश सुरक्षित और मजबूत है। अन्यथा, सब कुछ धुएँ की तरह उड़कर खत्म होने में देर नहीं लगेगी।"

रूस-यूक्रेन युद्ध में 20 लाख से अधिक यूक्रेनी लोग अपना सब कुछ छोड़कर दूसरे देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए हैं। वे भाग्यशाली हैं कि उनके पास पड़ोसी देश हैं जो उन्हें शरण दे रहे हैं। लेकिन हमारे बारे में क्या? हम भारतीय कहाँ जा सकते हैं? पश्चिम में पाकिस्तान, पूर्व में बांग्लादेश, दक्षिण में हिंद महासागर, उत्तर में चीन और देश के अंदर गद्दारों की कमी नहीं। याद रखिए, हमें शरण देने के लिए कोई दूसरा देश नहीं है, इसलिए सस्ती राजनीति और मुफ्त की चीजों से ऊपर उठकर एक मजबूत राष्ट्र को प्राथमिकता दीजिए। मेरा राष्ट्र ही मेरी सुरक्षा है।

जैन कॉन्फ्रेंस, राजस्थान प्रांतीय महिला शाखा की ओर से भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर निबंध प्रतियोगिता, भाग लेकर जीते आकर्षक पुरस्कार

उदयपुर (राजस्थान) : राजस्थान प्रांतीय महिला शाखा अध्यक्षा डॉ. पुष्पा जी खोखावत जैन के नेतृत्व में विशेष निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता का विषय "प्रभु महावीर के अहिंसावादी सिद्धांत और आज की विषम परिस्थितियाँ तृतीय विश्व युद्ध की आहट"

प्रतियोगिता के लिए निर्देश : निबंध प्रविष्टि हस्तलिखित होना जरूरी है एवं प्रत्येक प्रविष्टि के लिए अधिकतम शब्द सीमा 200 शब्दों की रहेगी। विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों के लिए हमारे निर्णायकों का निर्णय ही अंतिम एवं मान्य रहेगा। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाली प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी। विजेताओं को नगद राशि पुरस्कार में प्रोत्साहन हेतु प्रदान की जाएगी पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। प्रथम पुरस्कार 1100/- रुपए , द्वितीय पुरस्कार 900/- रुपए, तृतीय पुरस्कार 700/- रुपए एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को 300/- रुपए प्रदान किए जाएंगे। निबंध भिजवाने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2026 है। भेजने का पता Angoor Bala Premchand Bhadaktiya 9,10,11 Shivbadi Mahesh Nagar, Chittorgarh (Rajasthan) - 312 001, Mob. : 98292 27728

प्रेषक : शिल्पा नाहर जैन

प्रवर्तक पूज्य डॉ. राजेंद्रमुनि जी म.सा. के उदयपुर आगमन पर सामूहिक रूप से स्वागत

जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान प्रांतीय महिला शाखा द्वारा श्रमण संघीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव डॉ. राजेंद्रमुनि जी म. सा. के उदयपुर आगमन पर सामूहिक रूप से स्वागत हेतु उपस्थित हुए एवं दर्शन का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान प्रांतीय महिला अध्यक्षा डॉ. पुष्पा जी खोखावत जैन, महामंत्री डॉ. शिल्पा जी नाहर जैन, मंत्री कल्पना चोरड़ियाजैन, ज्ञान प्रकाश योजना अध्यक्षा श्रीमती पुष्पाजी सुराणा जैन, अल्पसंख्यक योजना अध्यक्ष श्रीमती अनिता जी भंडारी जैन, श्रीमती ललिता जी बाफना जैन, श्रीमती रंजना जी छाजेड़ जैन, जीव दया योजना आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्मृति शेष श्रद्धांजलि



मुनि श्री 108 विष्णुसागर जी म. ने लिया समाधिमरण

झांसी (उत्तर प्रदेश) : पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री प्रदीप जी जैन 'आदित्य' के पिताजी ने पूज्य मुनि श्री 108 विश्वमित सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात् समाधिस्थ मुनि श्री 108 विष्णुसागर जी महाराज के रूप में लिया समाधिमरण।

श्री कांतिलाल जी जैन का 54 दिवसीय संथारा संपन्न



मनमाड़ (महाराष्ट्र) : प्रबल पुण्यवाणी से समता, सजगता और समाधि में स्थित श्रद्धेय वीर कांतिलालजी ललवाणी जैन ने संथारा-सल्लेखना के 54वें दिवस 16 मार्च 2026 को रात्रि 1:15 बजे शांत भाव से वीरगति प्राप्त कर मोक्षमार्ग की दिव्य यात्रा की ओर प्रस्थान किया।

श्रीमति नीलम जी जैन का 20 दिवसीय चौविहार संथारा संपन्न

दिल्ली : पूर्वी दिल्ली के गौतमपुरी में धर्मनिष्ठ श्री प्रवीण जी जैन (दोघट वालो की) धर्मपत्नी सुश्राविका श्रीमति नीलम जी जैन का महासती पू. श्री सुप्रज्ञाश्री जी म. के पावन सान्निध्य में 20 दिन से गतिमान अन्न जल का सम्पूर्ण त्याग चौविहार संथारा पूर्ण हो गया।

श्री लिप्टीराम जी जैन का 10 दिवसीय संथारा संपन्न

बुध विहार, नई दिल्ली : वाचनाचार्य वरिष्ठ उपाध्याय पू. श्री विशालमुनि जी म.सा. की आज्ञा से महासाध्वी पू. श्री संजूजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी पू. श्री उदिता जी म.सा., साध्वी पू. श्री मुदिता जी म.सा. के द्वारा श्री लिप्टीराम जी जैन (मुआना वाले) को 10 मार्च को पूरे होश हवास में संथारा ग्रहण करवाया गया था। साध्वी जी म.सा. प्रतिदिन सुबह और दोपहर को शास्त्र की वाचना प्रदान कर उनकी अंतिम साधना में सहयोगी बनी रही। उनका संथारा 20 मार्च की प्रातः सीज गया।

श्रीमती केलादेवी जी जैन स्वर्गवास

पानीपत (हरियाणा) : दिनांक 11 मार्च 2026 को धर्मनिष्ठ, सुश्राविका श्रीमती केलादेवी जी जैन (सहधर्मिणी स्व. श्री हुकमचंद जी जैन) पानीपत का स्वर्गवास हो गया है।

दिवंगत आत्माओं के प्रति जैन कॉन्फ्रेंस परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि

महावीर जयन्ती आयोजन को लेकर दिल्ली मुख्यमंत्री से मिला जैन कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधि मंडल

नई दिल्ली : 21 मार्च 2026 को भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक के भव्य आयोजन के संदर्भ में श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल माननीया मुख्यमंत्री जी से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री जसवंत जी जैन, दिल्ली प्रान्तीय अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जी जैन, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री विपुल जी जैन, राष्ट्रीय जनकल्याण योजना के चेयरमैन श्री सुदर्शन जी जैन तथा राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष श्री मुनीश जी जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर श्री जसवंत जी जैन ने संस्था की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा से अवगत कराते हुए भगवान महावीर जन्म कल्याणक के भव्य आयोजन हेतु स्वीकृति का अनुरोध किया, जिस पर माननीया मुख्यमंत्री जी ने सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री जी को भगवान महावीर पर आधारित परिचयात्मक पुस्तक 'तीर्थंकर महावीर' भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। यह भेंटवार्ता आगामी महावीर जयन्ती आयोजन को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

J. P. Jain Foundation

(स्व. श्री जय प्रकाश जैन की पुण्य स्मृति में स्थापित)

सेवा, करुणा और अहिंसा के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुँचाने के उद्देश्य से निम्न जनकल्याणकारी सेवा-कार्यों का सतत् संचालन

चेयरमैन अभय जैन | महामंत्री अतुल जैन | कोषाध्यक्ष अमित जैन

- जैन हेल्थकेयर सेंटर के माध्यम से निःस्वार्थ एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं।
- भिवानी में फूड वैन द्वारा जरूरतमंदों को नियमित भोजन वितरण।
- दर्द निवारक - महाउपयोगी नाकोडा भैरव लाल तेल का देश भर में निःशुल्क वितरण।
- निर्धन विधवाओं एवं असहाय वर्गों को राशन सहायता।
- जीव-दया के संरक्षण एवं करुणा आधारित सेवा अभियान।
- साधर्मी बंधुओं को हर प्रकार की सहायता।

MATUSHRI BHAWAN, 537/5, Doodh Wali Gali, Mehrauli, New Delhi-110030 9650485980 Email.: foundationjpjain@gmail.com

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस का साप्ताहिक मुखपत्र
जैन प्रकाश

जैन समाज की नवचयनित कार्पोरेटर महिलाओं का सम्मान

चाकण (महाराष्ट्र) : 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चाकण जैन स्थानक में जैन कॉन्फ्रेंस पंचम ज़ोन प्रांतीय महिला शाखा की ओर से चाकण के नये कार्पोरेटर महिलाओं का सन्मान तथा सत्कार कार्यक्रम बहुत ही सुंदर, सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सत्कार के साथ-साथ गेम्स, स्पीच, डान्स धमाल कार्यक्रम सभी महिलाओं ने आनंद लिया। इस अवसर पर कार्पोरेटर मनीषा ताई गोरे ने कहा कि समाज में अच्छा कार्य करके अपने समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करों। हर नारी महान है,, लेकिन उसकी महानता महिला दिवस के लिए सीमित ना रखे। हर नारी का हर दिन महान है और नारी हमेशा महान रहेगी। पंचम ज़ोन अध्यक्षा सौ. कल्पनाजी कर्नावट जैन ने अतिथियों का सत्कार सन्मान किया। प्रचार-प्रसार महिला मंत्री सौ. आशाजी खिंवसरा जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा महिला कोषाध्यक्षा सौ. सुनीताजी चोरड़िया ने सभी अतिथियों का आभार प्रस्तुत किया।

बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत डॉ. सौ. सुधाजी प्रकाशजी कांकरिया का सम्मान

अहिल्यानगर (महाराष्ट्र) : भ्रूण हत्या जैसे ज्वलंत समस्या का निवारण के लिए हर पल कार्यरत और समर्पित व्यक्तित्व, राजयोग ध्यान साधिका, लेखिका, कवयित्री डॉ. सौ. सुधाजी प्रकाशजी कांकरिया जैन ने जैन कॉन्फ्रेंस चतुर्थ ज़ोन प्रांतीय महिला अहिल्यानगर शाखा की ओर से नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। सुधाताई के इस कार्य को दिल से नमन, अनुमोदन, अभिनंदन है। सम्मान करते हुए जैन कॉन्फ्रेंस चतुर्थ ज़ोन प्रांतीय महिला अध्यक्षा सौ. ज्योति नवनीतजी गांधी जैन, महामंत्री सौ. मनिषा जी मुनोत जैन, उपाध्यक्षा मधुताई जी लोढ़ा जैन, मंत्री सौ. शर्मिला जी बाफना जैन, कार्यकारिणी सदस्या सौ. तृप्ती जी सुंदेचा जैन, सौ. सुवर्णा जी बम्बोरी जैन आदि उपस्थित रहे।

राजस्थान प्रांतीय युवा शाखा कार्यकारिणी की सभा का आयोजन

फतहनगर (राजस्थान) : राजस्थान प्रांतीय युवा शाखा द्वारा फतहनगर में युवाचार्य भगवंत पू. श्री महेन्द्रऋषि जी म. सा. के राजस्थान मंगल प्रवेश पर अभिनंदन की योजना सहित अनेक विषयों पर संवाद गोष्ठी एवं युवा शाखा की सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 125 से अधिक युवाओं और गुरु भक्तों की भागीदारी रही। युवा शाखा मिटीग में पावनधाम फतहनगर में सोलर सिस्टम का भी शुभारंभ किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही भव्य युवा अधिवेशन एवं वर्षीतप आराधकों का अभिनंदन करने का भी कार्य किया जाएगा। प्रेषक : निर्मल सिंघवी जैन

कर्नाटक प्रांतीय युवा शाखा द्वारा महामांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न

बैंगलोर (कर्नाटक) : 19 मार्च 2026 को नवकार ग्रुप, बैंगलोर द्वारा आयोजित महामांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस कर्नाटक प्रांत के अध्यक्ष श्री प्रकाश जी बुरड़ जैन सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। इस मौके पर गुरु भगवंतों का मंगलपाठ व आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

प्रेषक : आशीष भंसाली जैन

पानीपत में 130 विद्यार्थियों का वस्त्र वितरण

पानीपत (हरियाणा) : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस युवा शाखा, हरियाणा व ऊँची सोच (एन.जी.ओ) द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला, विकास नगर पानीपत में 130 विद्यार्थियों को वस्त्र वितरण सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मेयर कोमल जी सैनी, विशिष्ट अतिथि बिट्टू जी प्रजापति (पार्षद), अजय जी शर्मा (पार्षद), समाजसेवी आशु जी पार्षद पुत्र ने शिरकत की। इस पहल से पता चलता है कि समाज में दूसरे की मदद व सहयोग की भावना बढ़ रही है। विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि आप भी जीवन में कामयाब होकर जरूरतमंद की मदद करें। प्रेषक : अंश जैन

लुधियाना में पंजाब प्रांतीय युवा शाखा द्वारा भोजन वितरण

लुधियाना (पंजाब) : 7 मार्च को बड़े ही हर्ष, गौरव एवं पुण्य भावना के साथ श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस (युवा शाखा), पंजाब जोन-2 की ओर से लॉर्ड महावीर सिविल हॉस्पिटल, फील्ड गंज, लुधियाना में मानव सेवा के तहत भोजन वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों के साथ-साथ ओपीडी में आए मरीजों को भी प्रेमपूर्वक भोजन वितरित किया गया।

इस पुण्य कार्य के लाभार्थी परिवार श्री नरेश जी जैन-श्रीमती पूनम जी जैन (महामंत्री, एस.एस. जैन सभा, अगरनगर, लुधियाना), श्री हर्षवर्धन जैन-श्री नंदीवर्धन जैन (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, युवा शाखा, जैन कॉन्फ्रेंस रहे। लाभार्थी परिवार से इस अवसर पर श्री नरेश जी जैन, श्रीमती पूनम जी जैन, श्री सुनील जी जैन, श्रीमती बबीता जी जैन, श्री हर्षवर्धन जी जैन एवं श्रीमती आशिमा जी जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं सेवा कार्य में भाग लेकर इस आयोजन को और भी प्रेरणादायक बनाया।

इस अवसर पर युवा शाखा से श्री विनय जी जैन (प्रान्तीय अध्यक्ष), श्री राजीव जी जैन (प्रान्तीय प्रमुख मार्गदर्शक), श्री हर्षवर्धन जी जैन (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य), श्री जिनेश जी जैन (प्रान्तीय कोषाध्यक्ष), श्री राहुल जी जैन (प्रान्तीय उपाध्यक्ष) एवं श्री लक्की जी जैन उपस्थित रहे।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस का साप्ताहिक मुखपत्र
जैन प्रकाश

PRGI : DLHIN/25/A4261
Postal Regn. No. DL(ND) 11/6078/2026-27-2028
U (C)

Date of Publication : 21-03-2026
Date of Posting : 28/29-03-2026
E-mail : aissjc1906@gmail.com

भाषा : हिन्दी ✲ वर्ष : 70 ✲ अंक : 4
पृष्ठ : 8 ✲ माह : मार्च ✲ सप्ताह : 21 से 27

मूल्य ₹ 10

जैन कन्या पाठशाला, रावलपिंडी

पाकिस्तान में स्थानकवासी जैन समाज की भूली-बिसरी विरासतें

श्री जैन कन्या पाठशाला एक ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान हैं, जो विभाजन पूर्व भारत में जैन समुदाय के योगदान को दर्शाता है। इस पाठशाला का निर्माण 1935 में रावलपिंडी के स्थानकवासी जैन संघ द्वारा करवाया गया था। यह रावलपिंडी के ऐतिहासिक भाभरखाना के पास जांगी मोहल्ला में स्थित है।

1947 के विभाजन से पहले यह लड़कियों के लिए रावलपिंडी के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक था। जैन समुदाय द्वारा संचालित होने के बावजूद, यहाँ सभी धर्मों की लड़कियों को शिक्षा दी जाती थी। इमारत के माथे पर आज भी स्कूल का नाम तीन भाषाओं-हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी में लिखा हुआ है, जो उस समय की भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता का प्रमाण है।

1947 में भारत विभाजन के बाद, रावलपिंडी का जैन समुदाय (भाभरा समुदाय) भारत प्रवास कर गया, जिसके कारण स्थानक, पाठशाला और अन्य संस्थाएँ वहीं छूट गईं। वर्तमान में जैन कन्या पाठशाला की यह इमारत पुरानी और फीकी पड़ गई है, लेकिन यह अभी भी वहाँ खड़ी है और आज भी पाकिस्तान में स्थानकवासी जैन समुदाय के समृद्ध इतिहास की गवाही देती है।

(प्रस्तुति - डॉ. अमितराय जैन)

(क्रमशः अगले अंक में)

केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी को विहार में साधु-संतों की सुरक्षा हेतु ज्ञापन

पुणे (महाराष्ट्र) : पुणे पिंपरी चिंचवड के थेरगांव में रहने वाले युवा कार्यकर्ता देवेंद्र सुनील पारख जैन ने अपने युवा साथियों के साथ जैन साधु-साध्वी के विहार/प्रवास के दौरान हुए अपघात और अपघात में मृत्यु हुए संतों की व्यथा वर्णन करते हुए सभी जैन साधु-संत, मुनि को विहार/प्रवास काल में पुलिस संरक्षण और बंदोबस्त मिलने बाबत लिखित निवेदन मा. नामदार श्री नितीनजी जयरामजी गडकरी साहेब को प्रदान कर महामार्ग में जलसंपदा, नदी विकास और गंगा पुर्नजीवन केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, का सत्कार किया।

जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

नई दिल्ली : भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर तीन दिवसीय (20-21-22 मार्च) नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन जैन स्थानक, उत्तरी पीतमपुरा, दिल्ली मे किया गया। अनुभवी डॉक्टरों की देख-रेख में विभिन्न रोगों में दन्त चिकित्सा, आर्थोपैडिक उपचार, डायटिशियन, बी.पी. जाँच आदि से प्रभावित रोगियों की जाँच की गई, जिसका बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर का शुभारम्भ श्री अनिल जी जैन (चाँदनी चौक वाले) पीतमपुरा के शुभ कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीतमपुरा क्षेत्र निगम पार्षद श्री अमित जी नागपाल के अलावा जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जी जैन, कार्याध्यक्ष श्री राजेश कुमार जी जैन, जैन कॉन्फ्रेंस ज्ञान प्रकाश योजना के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री सुरेश कुमार जी जैन, प्रमुख मार्गदर्शक व उत्तरी पीतमपुरा श्रीसंघ अध्यक्ष श्री जयभगवान जी जैन 'रिठाला', महामंत्री श्री सुरेश जी जैन आदि अनेक महानुभाव उपस्थित रहे।

प्रेषक : ललित ओसवाल जैन

जैन गौरव

अमर शहीद लाला हुकमचन्द जैन (कानूनगो)

शहीद लाला हुकमचन्द जैन का जन्म 1816 में हांसी (हिसार) हरियाणा के प्रसिद्ध कानूनगो परिवार में श्री टुनीचंद जैन के घर हुआ। आपका गोत्र गोयल और जाति अग्रवाल जैन थी। 1857 को भारतीय विद्रोह की उल्लेखनीय जैन क्रांतिकारियों में से एक थे। लालाजी को फारसी, उर्दू और गणित का अच्छा ज्ञान था। मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर के कार्यकाल में आपने उच्च पद पर काम किया। 11 मई 1857 को अंतिम मुगल सम्राट एवं ईस्ट इंडिया कम्पनी के एक पेंशन भोगी, विद्रोहियों द्वारा सर्वसम्मति से लाला हुकमचन्द जैन को चुना गया एवं हिन्दुस्तान का सम्राट घोषित कर दिया गया। 21 तोपों की सलामी उनके सम्मान में दी गई। लालाजी ने नये सिरे से सैनिकों की भर्ती की और दिल्ली को हथियार, गोला, बारूद भेजने का प्रयत्न किया। लालाजी ने डटकर मुकाबला किया। आखिर में हथियार, गोला, बारूद और मानव शक्ति की कमी के कारण पराजित हो गये। ब्रिटिश सैनिकों ने लालाजी और मिर्जा मुनीर बेग के मकानों पर छापे मारे गये, बहुत तोड़-फोड़ की। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुकदमा चला। 18 जनवरी 1858 को हिसार के मजिस्ट्रेट जौन एकिंसन ने दोनों को फाँसी की सजा सुना दी। 19 जनवरी 1858 को दोनों को फाँसी दे दी गई। 22 जनवरी 1961 को इस शहीद की पावन स्मृति में अमर शहीद हुकमचन्द पार्क की स्थापना की, वहीं आदमकद मूर्ति लगाई गई। भारतवर्ष के इतिहास का वह क्रूरतम अध्याय है। अंग्रेजों ने इनके शव परिजनों को न देकर लालाजी को जैन धर्म के विरुद्ध सफाई कर्मियों द्वारा दफनाया गया और मिर्जा मुनीर बेग के शव को मुस्लिम परम्पराओं के विरुद्ध जला दिया गया।

लालाजी की सम्पत्ति कोड़ियों के भाव नीलाम कर दी गई। उनकी सम्पन्नता का परिचय इसी से मिलता है। उनके पास 9 हजार एकड़ जमीन थी। अन्य वस्तुओं में लगभग 400 तोले सोना, 3300 तोला चाँदी, 1300 चाँदी के सिक्के, 107 मोहरें आदि थी। हरियाणा के प्रसिद्ध कवि श्री उदय भानु हंस ने ठीक ही लिखा है-

हाँसी की सड़क विशाल थी, हो गई लहू से लाल थी।
यह नर-पिशाच का काम था, बर्बरता का परिणाम था।
श्री हुकमचन्द रणवीर था, संग मिर्जा मुनीर बेग था।
दोनों स्वदेश के भक्त थे, जन सेवा में अनुरक्त थे।
कोल्हू में पिसवाये गये, टिकटी पर लटकाये गये।
हिन्दू को दफनाया गया, मुस्लिम शव जलवाया गया।
कितने जन पकड़े घेरकर, फिर बड़-पीपल के पेड़ पर।
कीलों से टँके गरीब थे, ईसा के नये सलीब थे।

आनंद की अविरल धारा

जहाँ करुणा का झरना बहता, जहाँ प्रेम की पावन वाणी,
ऐसे थे श्री आनंदऋषि जी, अध्यात्म की अमर कहानी
मुख पर मंडल सा तेज खिला, नयनों में ममता का सागर,
चलते थे जो पथ पर ऐसे, जैसे करुणा की गागर।।
अहिंसा के तुम ध्वजवाहक थे, संयम की अनमोल मिसाल, जिनके चरणों में झुकता था, श्रद्धा से हर एक भाल।
अहमदनगर की पावन माटी, धन्य हुई पाकर तुमको, सत्य-अहिंसा और धर्म का, पाठ पढ़ाया हम सबको।।
छोड़ गए जो पदचिह्न यहाँ, वे आज भी राह दिखाते हैं, भटके हुए उन मानस को, मानवता का बोध कराते हैं।
ऋषि थे पर राजा सा व्यक्तित्व, त्याग का चोला पहना था, परहित में जीवन होम दिया, बस यही आपका गहना था।।
हे आनंद! हे ऋषिराज! तुम्हें शत्-शत् नमन हमारा है, तुम्हारे पावन दर्शन से, महका ये जग सारा है।

जैन कॉन्फ्रेंस की सदस्यता एवं योजनाओं के फॉर्म के लिए स्कैन करें :

- आजीवन सदस्यता फॉर्म
- जीवन प्रकाश योजना (शिक्षा) फॉर्म
- जीवन प्रकाश योजना (मेडिकल) फॉर्म
- मानव सेवा योजना फॉर्म
- जीव दया योजना फॉर्म

प्रेस्टीज

प्रतिबद्ध है भारत को समृद्ध एवं प्रबुद्ध बनाने के लिये अपने सर्वश्रेष्ठ सोया प्रोटीन सोया तेल, वनस्पति, सोया बड़ी गेहूँ का आटा मैदा, रवा, सूजी और उत्कृष्ट शिक्षा K.G. से Ph.D. के द्वारा
भारत को जरूरत है स्वर्ण पदकों की ओलम्पिक और नोबल पुरस्कार विजेताओं की
स्वस्थ व प्रबुद्ध भारत के लिये
प्रेस्टीज सोया खाद्य और समग्र शिक्षा
बेहतर भोजन - बेहतर शिक्षा - बेहतर राष्ट्र

प्रेस्टीज फूड्स लिमिटेड	प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, इंदौर (अंडर ग्रेजुएट्स)
प्रेस्टीज फीड मिल्स लिमिटेड	प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, इंदौर (पोस्ट ग्रेजुएट्स)
प्रेस्टीज सोया इंडस्ट्रीज	प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, ग्वालियर
प्रेस्टीज फ्रोटेक लिमिटेड	प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, देवास
प्रेस्टीज फीड मिल्स	प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस, इंदौर
प्रेस्टीज फैब्रिकेटर्स प्रा. लिमिटेड	प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल, इंदौर

प्रेस्टीज ग्रुप ऑफ इन्डस्ट्रीज एंड इंस्टीट्यूट्स
स्टार एक्सपोर्ट हाउस (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) आई.एस.ओ. : 9000 2001 प्रमाणिक ग्रुप
30, Jaora Compound, M.Y.H. Road, Indore - 452001, M.P.
Phone.: 0731-4011111, 4041111 Fax: 4011107, 2704455 E-mail: info@prestigeindia.com Website: prestigeindia.com

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस (रजि.) के लिए सम्पादक एवं प्रकाशक अमित जैन द्वारा मुद्रक पारस ऑफसेट प्रा.लि., 118-F, सेक्टर 56, फेज 5, कुंडली इंडस्ट्रियल स्टेट, सोनीपत - 131 028 द्वारा मुद्रित।
केन्द्रीय कार्यालय : जैन भवन, 12, शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली - 110 001 से प्रकाशित ✲ सम्पर्क : 90197 31906 ✲ अस्वीकरण : समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र नई दिल्ली होगा।